तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024

4
निरीक्षण की औपचारिकता निभाकर एनजीटी जांच दल कोरबा रवाना

खबर संक्षेप

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

रायगढ़। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में 28 जून को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष रायगढ़ में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में रायगढ़ जिले में जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

औद्योगिक विस्तार पर विभाष ने सरकार को घेरा

रायगढ़। जिले में लगातार हो रहे औद्योगिक विस्तार पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व सत्ता पक्ष के मौन समर्थन पर प्रदेश कांग्रेस सचिव और युवा नेता विभाष सिंह ने सवालिया लहजे में सरकार को घेरते हुए पूछा है कि आखिर यह शहर किसका है और यह सब किसके इशारे पर चल रहा है। विभाष ने कहा कि ज़िले में औद्योगिक प्रगति ने आर्थिक विकास को जन्म दिया और नए अवसर प्रदान किएए लेकिन इस प्रगति के साथ साथ पर्यावरण को नुकसानए स्वास्थ्य और सुरक्षा के खतरे और श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए खराब रहने की स्थिति जैसी कई महत्वपूर्ण कमियाँ भी आईं। बडे.पैमाने पर औद्योगिक विस्तार के बावजूद रायगढ में उपेक्षित विकास बहुत कमज़ोर है। विभाष ने कहा कि राजनैतिक स्वार्थ के कारण रायगढ हर बार ठगा जाता है और अपने हक से दूर होता जा रहा है। सांकेतिक रुप से विभाष ने सरकार व नगर विधायक को घेरते हुए कहा कि जो ऊंचे ओहदों पर है और जिनकी सीधी जिमेदारी है वे भी ज़िले की बहाली पर मौन हैं। ऐसे में शहर का क्या हाल होगा, इसकी कल्पना मात्र से शहरवासी चिंतित है। फिर भी उन्हें उम्मीद यही है कि कोई तो जिम्मेदार बनेगा।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायगढ़। शहर के कांशीराम चौक से छातामुड़ा चौंक जाने वाली नेशनल हाईवे में वार्ड नं 33 के पूर्व पार्षद पद्मा रात्रे घर के पास गुरुवार दोपहर लगभग 3.30 बजे तेज रफ्तार बालू लोड ट्रैक्टर चालक ने मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारने से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई है। सीजी 13 ई 6110 मोटर साइकिल सवार मृतक सराई भद्दर का निवासी बताया जा रहा है। दुर्घटना करने के बाद ट्रैक्टर चालक सड़क पर ही ट्रैक्टर खड़ी कर मौके से फरार हो गया है। सीजी 13 एच 9603 ट्रैक्टर पर द्विवेदी कृषक छातामुड़ा रायगढ़ लिखा है। संबंध में स्थानीय लोगों के द्वारा जूट मिल पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस के द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया है। तथा स्थानीय लोगों के द्वारा ही मृतक के परिजनों को मामले की सूचना दी गई है तथा पुलिस के द्वारा कार्यवाही जारी है।

जिले में 99.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 जून तक 99.8 मिण्मीण्औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 154.9 मिली मीटर, पुसौर में 192.7, खरसिया में 83.7, घरघोड़ा में 114.7, तमनार में 61.8, लैलूंगा में 125.4, मुकडेगा में 114.2, धरमजयगढ़ में 23.9, छाल में 100.2 एवं कापू में 26.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चक्रधर समारोह के संबंध में बैठक 1 जुलाई को

रायगढ़। 39 वां चक्रधर समारोह वर्ष 2024 के सफल आयोजन संचालन के संबंध में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में 01 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष रायगढ़ में बैठक आहूत की गई है।

मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं स्वयं पर रखें विश्वास मिलेगी सफलता

नटवर स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

जीवन में परिवर्तन का सबसे सहज सरल माध्यम है शिक्षा : ओपी

तिलक लगाकर बच्चों को शाला प्रवेश कराते मंत्री।

बच्चों के साथ न्योता भोज करते मंत्री ओपी चौधरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आज शास अंग्रेजी माध्यम नटवर स्कूल, रायगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें निरूशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक भी प्रदान किए। इस दौरान यहां न्यौता भोज का भी आयोजन हुआए जिसमें वित्त मंत्री चौधरी ने बच्चों से बैठकर भोजन भी ग्रहण किए।

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं और यह शाला प्रवेश उत्सव नटवर स्कूल में मनाया जा रहा है, जो हम सबके लिए एक गौरव और भावुकता का समय है। आज मंच में बैठे कई लोग इस स्कूल से पढ़े हैं और मैं बताना चाहता हूं कि मेरी पिताजी एवं चाचा भी इसी स्कूल से पढ़े हैं। ऐसे ही सबकी यादें इस स्कूल से जुड़ी हुई है, यह सब के लिए गर्व का विषय है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि अगर आप अपने जिंदगी में परिवर्तन लाना चाहते हैं जिससे आपके माता.पिता को सारी सुख-सुविधा एवं ⏭ शेष पेज 4 पर

ओपी से लें सफलता की प्रेरणा : कलेक्टर

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि हमें एक विद्यार्थी की तरह वित्त मंत्री ओपी चौधरी से प्रेरणा लेनी चाहिए जो आज हमारे बीच उपस्थित हैं जो कभी शाला प्रवेश उत्सव में रहे होंगे। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से एक रास्ता चुना और उस मुकाम पर पहुंचे। यह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। विद्यार्थियों के लिए टीचर एक मार्गदर्शक की भूमिका में होता है। बच्चे उनसे जुड़े रहे, उनकी बातों का अनुसरण करें। उन्होंने सभी को मन लगाकर पढ़ने और प्रदेश देश के साथ विदेश में नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

प्रतिभाशाली बच्चे हुए पुरस्कृत

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को सर्टिफि केट, मोमेन्टो एवं बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रतिमा महंत, रमेश सिंग, खुशवेन्द्र टंडन, तेजस्वनी निषाद, रौनक चौधरी, निशि मिश्रा, गरिमा पटेल, तौफेल अंसारी, राखी पटेल एवं रितिका महंत शामिल थे। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को डायरिया नियंत्रण के विधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान विभाग द्वारा ओआरएस घोल निर्माण की जानकारी के साथ ही हैंड वॉश करने के तरीके का प्रदर्शन किया गया ताकि डायरिया को नियंत्रण कर सके।

सारंगढ़ नपा परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

नपा परिषद सारंगढ़ के सभाकक्ष में विभिन्न विषयों पर प्रेसीडेण्ट इन कौंसिल की बैठक आहुत हुई। बैठक में कौंसिल के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष श्रीमती सोनी अजय बंजारे सीएमओ राजेश पांडे के साथ ही साथ अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहें। जिस बैठक में निम्न विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

श्रीमती माधुरी पति स्व जनक राम जायसवाल वार्ड क. 3 का आवेदन बाबत्ए साप्ताहिक बाजार दुकान के 1 एवं 2 के मध्य पाटिशन दीवाल निर्माण करने की अनुमति के संबंध में विचार व निर्णय, कार्यालयीन आदेश सारंगढ़ 11 जनवरी 24 नपाप सारंगढ आवास गृह क 04 का आबंटन की पुष्टि करने के संबंध ने विचार एवं निर्णय। नपा सारंगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत स्थित मुड़ा तालाब व गर्जना तालाब रानीसागर तालाब नया तालाब गोडिहारी मार्ग, कुटेला तालाबों को मत्स्य पालन हेतु 10 वर्षीय लीज पर दिए जाने के संबंध में विचार व निर्णय। मुनीर अहमद पिता एमडी निजामी सरिया का आवेदन पत्र बाबत। बस स्टैण्ड परिसर दुकान क्र. 3 का नामांतरण करने के संबंध में विचार एवं निर्णय। रंजीत कुर्रे पिता स्व. राम गिलास कुर्रे बरदुला का आवेदन पत्र बाबत। खेल भांठा मैदान के सामने दुकान 4 नामांतरण करने के संबंध में विचार व निर्णय। संलग्न सूची अनुसार दुकानों का लीज नवीनीकरण करने के संबंध में विचार एवं निर्णय। जलकर निवारण से प्राप्त राशि का व्यय किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। चुडामणी आदित्य, भृत्य नपा परिषद सारंगढ़ के आवेदन पत्र अनुसार 10 वर्ष पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप प्रथम समयमान वेतनमान दिए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय। निकाय के प्लेसमेंट श्रमिकों को समय समय पर कलेक्टर दर वृद्धि के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान की पुष्टि के संबंध में विचार व निर्णय। कार्यालयीन निविदा सूचना क्रण 3904 दिनांक 16 फऱवरी 24 के द्वारा जारी निविदाओं स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय। में प्राप्त न्यूनतम दर की समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत शाकउमा शाला सारंगढ़ में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के संबंध में विचार एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

उद्योग के सामाजिक सरोकार से 26 गांवों की अर्थव्यवस्था में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हर कार्पोरेट संस्था की यह सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह अपने विस्तार के साथ साथ समाज के कल्याण में भी अपनी भागीदारी को निभाए। इस जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए अदाणी समूह अपने संस्थानों व परियोजना स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में शिक्षाए स्वास्थ्यए स्थायी आजीविकाए कौशल विकास और ढांचागत विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है।

इसी कड़ी में रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड में स्थित अदाणी पॉवर लिमिटेड, ग्राम छोटे भंडार बड़े भंडार, बरपाली, सूपा, अमलीभौना, तुपकधार, चंदली, जेवरीडीह सहित कुल 26 गांवों के समाज विकास में सामाजिक सहभागिता के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को अच्छी शिक्षाए आजीविका और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने व लाभ उठाने का अवसर मिला है।

अदाणी पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन के द्वारा स्वरोजगार में आवश्यक सहयोग किया गया है। आजीविका विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत विधि से सब्जी की खेती को प्रोत्साहन देने हेतु 19 स्वयं सहायता समूहों को उन्नत विधि से सब्जी उत्पादन कार्य करने हेतु सभी आवश्यक सहयोग टपक ड्रिप सिंचाई प्रक्रिया, बीज, पौधे, उर्वरक इत्यादि हेतु सहयोग और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम ग्राम बरपाली, सूपा और जेवरीडीह के महिलाओं द्वारा टमाटर की खेती की जा रही है। इस वर्ष के दौरान कुल 71331.50 किलो टमाटर का उत्पादन कर रुपये 9.47 लाख में बिक्री कर आय अर्जित किया गया है। आजीविका विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आय मूलक गतिविधियों से जोड़ने हेतु पास के सात ग्रामों के कुल 12 स्वयं सहायता समूहों की 53 महिलाओं एवं 8 लोगों को व्यक्तिगत रूप से तीन अलग दृ अलग बैच मे मशरूम उत्पादन और विक्रय के संबंध मे दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें मशरूम उत्पादन करने हेतु शैक्षणिक भ्रमण सहित आवश्यक सामग्रियों का सहयोग निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप इन समूहों ने इस वर्ष के दौरान कुल 1497.85 किलोग्राम पैडीस्ट्रॉ और ऑयस्टर मशरूम का उत्पादन कर 2.34 लाख रुपए का मशरूम समूह की महिलाओं द्वारा बिक्री कर आय अर्जित किया गया।

■ आत्मनिर्भर हुए पुसौर के किसान

कबाड़ व्यावसायी पर प्रतिबंधक कार्रवाई

रायगढ़। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को स्थानीय रहवासियों ने जानकारी दिया कि क्षेत्र में काफी संख्या में बाहरी व्यक्तियों द्वारा फेरी कर कबाड़ खरीदी की जा रही है। थाना प्रभारी द्वारा ऐसे फेरी कर कबाड़ खरीदी करने वाले के सत्यापन की आवश्यकता देखते हुए अपने पेट्रोलिंग टीम को क्षेत्र के कबाड़ खरीदी करने वालों को ऐसे व्यक्तियों की जानकारी थाने में उपलब्ध कराने निर्देशित करने रवाना किया गया था। इसी क्रम में आज जूटमिल पेट्रोलिंग पार्टी सहदेवपाली टुरकुमुडा स्थित कबाड़ खरीदने वाले मुन्ना पंडित के गोदाम में जाकर तस्दीक की गई।

फ्लाई ऐश से भरी गाड़ियों को सड़क पर रोककर भाजयुमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में बीते बुधवार को दोपहर अचानक से बेरियर चौक पर फ्लाई ऐश लोड भारी वाहनों को रोक दिया गया। जानकारी के मुताबिक यह अघोषित चक्काजाम भाजयुमो के धरमजयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नीलांबर यादव के नेतृत्व में किया गया। बुधवार को नगर के बेरियर चौक पर यकायक फ्लाई ऐश लोड गाडिय़ों को स्थानीय कुछ युवाओं ने रोक दिया।

इस मामले की सूचना मिलने पर तहसीलदार भोज कुमार डहरिया, नायब तहसीलदार उज्जवल पांडेय एवं स्थानीय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंची और हालातों का जायज़ा लिया। क़रीब दो घंटे तक सिर्फ फ्लाई ऐश लोड गाडिय़ों के पहिए थमे रहे। हालांकि इस दौरान रायगढ़ से पत्थलगांव मुख्य मार्ग पर आवागमन प्राभावित नहीं हुआ। इस कवायद को लेकर स्थानीय प्रशासन को विधिवत पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे कुछ दिनों पूर्व धरमजयगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव ने इस मुख्य मार्ग पर ओवर लोड और तेज़ गति से फ्लाई ऐश से भरी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। ऐसा नहीं किए जाने पर अध्यक्ष ने परिणाम भुगतने की चेतावनी तक दी थी। जिसके बाद बुधवार को स्थानीय भाजयुमो अध्यक्ष के नेतृत्व में औद्योगिक राख से भरी वाहनों को रोक दिया गया। हालांकि इस दौरान गोकुल यादव वहां मौजूद नहीं रहे। इस दौरान रोड पर एकतरफा भारी वाहनों की लाइन लग गई। तहसीलदार ने गाडिय़ों के कागज़ात चेक कर परिवहन कर्ता ठेकेदार से फ़ोन पर बात की और ठेकेदार से इस मामले पर अधिक जानकारी ली। बता दें कि भारतमाला रोड परियोजना के निर्माण कार्य के लिए इस मार्ग पर ट्रेलर और डंफर जैसे भारी वाहनों के तेज रफ्तार से गुजरने के कारण स्थानीय लोगों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इससे दुर्घटना की संभावनाओं को भी बल मिलता है। बुधवार को हुए इस अल्पकालिक प्रदर्शन को लेकर तहसीलदार द्वारा उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

स्कूल जाने को लेकर बच्चों में अलग उत्साहः डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिला मुख्यालय सारंगढ़ में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा कर सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के छात्रों को टीका लगाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि स्कूल एक मंदिर भी है और शिक्षालय भी है। स्कूल जाने को लेकर बच्चों में एक अलग उत्सुकता रहती है। शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें भी दी जाती हैए जो छात्राएं दूर से स्कूल आती हैं उनके लिए साइकिल का भी वितरण किया जाता है। शिक्षा से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है और हम भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबध्द हैं। इसलिए सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा की महत्ता को समझें और बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु कार्य करें। शाला प्रवेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में शासकीय कन्या शाला द्वारा स्कूल चलें हम गीत पर नृत्य किया गया।

तिलक लगाकर बच्चों को शाला प्रवेश कराते अतिथि।

मोना माडर्न स्कूल द्वारा शिक्षा का सूरज है निकला हो रहा है सूरज उजाला गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा अशोका पब्लिक स्कूल द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं सेजेस सारंगढ़ के छात्रों द्वारा स्कूल चलें हम गीत पर प्रस्तुति दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर भुवन मिश्रा, शिव कुमारी चौहान, चंद्रिका सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रताप सिंह राजपूत, टीकाराम पटेल, मनोज जायसवाल, अजीश अग्रवाल, सारंगढ़ एसडीएम अनिकेत साहू, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

युकां के संसद घेराव में रायगढ़ के युवा नेता भी हुए शामिल

घरघोड़ा। नीट यूजी परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के खुलासों के बाद युवा कांग्रेस के नेतृत्व में इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर मोदी सरकार की नाकामी के ख़िलाफ़ युवा सड़क पर उतर आए हैं। 27 जून को भारतीय युवा कांग्रेस ने सड़कों से संसद तक विरोध प्रदर्शन करते हुए संसद का घेराव किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश, प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय के आह्वान पर रायगढ़ ज़िले से युवा कांग्रेस नेता जनप्रतिनिधि उस्मान बेग के नेतृत्व में युवा दिल्ली पहुँचकर संसद घेराव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने साथियों के साथ युवाओं के हक में जमकर गरजते हुए संसद घेराव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह विरोध प्रदर्शन नीट एयूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में मोदी सरकार की नाकामी, न्याय की मांग करने वाले छात्रों और उनके परिवारों के समर्थन में था।

बरमकेला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजपाली का मामला

जपं की सहमति के बगैर ग्राम सभा का आयोजन, हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजपाली के सरपंच द्वारा आश्रित ग्राम बैगीनडीही मे जनपद पंचायत के आदेश की आवेहलना करते हुए अपने मन मर्जी के अनुसार ग्राम सभा की गई। जनपद पंचायत के आदेशानुसार सहजपाली के आश्रित ग्राम बैगीनडीही में 18 जून को ग्राम सभा निर्धारित की गयी थी लेकिन सरपंच पति घनश्याम ईजारदार ने अपनी मनमानी करते हुए यह ग्राम सभा 14 जून को कर दी यही नही उक्त ग्राम सभा मे अपनी राजनीति बैर निकालते हुए विरोधी पार्टी के नेता के चाचा के साथ मारपीट की गयी। इस विषय मे ग्राम बैगीनडीही दर्राभाटा के कोटवार बताते है की 13 तारीख को शाम को मुझे फोन पर सूचना मिली की 14 तारीख को ग्राम सभा बैठक होनी है और अधिकारी लोग जांच मे आएंगे जिसकी मुनादी मैने 14 तारीख को लगभग 7 बजे कर दी।

चिकित्सक की सलाह जरुरी

नियमों की अवहेलना हुई है। इस विषय मे मै सरपंच सचिव से बात करती हू एव उसके हिसाब से आगे कार्य होगा।

-प्रज्ञा यादव
सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला

सरपंच पति की गुंडागर्दी

सरपंच पति घनश्याम ईजारदार ने समय से पहले ग्राम सभा बुलाई जिसमे सरपंच पति घनश्याम ईजारदार ने खितेश्वर प्रधान को कहा की आजकल तुम्हारा भतीजा बहुत शिकायत कर रहा है उसे समझा दो यह अच्छी बात नही है जिसके बाद खितेश्वर प्रधान ने ग्राम सभा मे अपने भतीजे नारायण प्रधान को बुलाया जिसे समझाने के बाद नारायण प्रधान अपने घर चले गया उसी बात को लेकर फिर सरपंच पति तथा उसके साथियों द्वारा गंदी गंदी गालिया देने लगे मना करने पर खितेश्वर प्रधान को सरपंच पति एव उसके साथियो के द्वारा जान से मारने की धमकी की गयी इसके साथ ही धक्का मुक्की की गयी जिसकी रिपोर्ट खितेश्वर ने सरिया थाने मे दर्ज की गई है। ऐसे तो अक्सर यह कहा जाता है अगर कोई गलत कर रहा है तो उसके खिलाफ आवाज न उठाना उससे भी बड़ा गुनाह है लेकिन ग्राम पंचायत सहजपाली के आश्रित ग्राम बैगीनडीही मे यह उल्टा नजर आ रहा है।

साढ़े सात लाख का पाइप लेकर सूरजपुर के लिए निकला ट्रक अब तक नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसएस स्टील कंपनी से एमएस पाईप लोड कर सूरजपुर के लिए निकला ट्रक पखवाड़े भर बाद भी अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा। माल की अफरा तफरी होने की शंका पर चालक से मोबाईल संपर्क किया गया तो उसने गोलमोल जवाब दिया।

वहीं कंपनी प्रबंधन ने ट्रक व चालक की पतासाजी की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। इस पर प्रबंधन की ओर से थाने में तदाशय की रिपोर्ट कराते हुए बताया गया कि ट्रक में 12.5 टन एमएस पाईप लोड था जिसकी कीमत तकरीबन साढ़े सात लाख रूपए है। पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले ट्रक चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। उक्तवाकया पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा थानांतर्गत ग्राम पाली में स्थित एसएस स्टील कंपनी द्वारा लक्की ट्रांसपोर्ट गेरवानी के माध्यम से ट्रक क्रमांक सीजी 12 डीडी 7119 से 11 जून को 12.500 टन एसएस पाईप लोड कर बंसल ट्रेडर्स सूरजपुर के लिए रवाना किया गया था। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोड एमएस पाईप की कीमत 7 लाख 31 हजार 370 रूपए है। चालक अवधेश कुमार मेहता ट्रक लेकर रवाना हुआ था। वहीं 14 जून तक सूरजपुर के बंसल ट्रेडर्स ट्रक के नहीं पहुंचने पर चालक अवधेश से मोबाईल पर संपर्क साधा गया। मोबाईल पर चालक ने गोलमोल जवाब दिया जिससे कंपनी प्रबंधन को चालक पर माल को अन्यत्र खपा देने की शंका हुई। वहीं एक बार के बाद चालक से दोबारा संपर्क नहीं हो पाया जिससे उसकी खोजबीन की गई परंतु कहीं पता नहीं चल पाया। आज पर्यंत लाखों का माल अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचने पर कंपनी प्रबंधन की ओर से सुपरवाईजर प्रफुल्ल कुमार दुबे ने तदाशय की रिपोर्ट पूंजीपथरा थाने में कराई है।

खबर संक्षेप

निरीक्षण के लिए आज खुलेगा वेयरहाउस

सारंगढ़। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए रखे गए ईवीएम और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान डी टाइप स्ट्रांग रूम में रखे रिजर्व अनयूज़्ड ईवीएम का वेयरहाउस में स्थानांतरण एवं वेयरहाउस का निरीक्षण हेतु 28 जून को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित वेयरहाउस को खोला जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष को संबोधित करते हुए पत्र लिखा है जिसमें वेयरहाउस को खोलने के संबंध में जानकारी प्रदान या गया है।

कौशल्या साय ने किया चेक का वितरण

जशपुरनगर। कुनकुरी जनपद पंचायत सभा कक्ष में गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने स्वेच्छानुदान की राशि का चेक तहसील कुनकुरी एवं दुलदुला के हितग्राहियों को वितरण किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, एसडीएम नंद पांडे, तहसीलदार मुखदेव यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। स्वेच्छानुदान राशि वितरण समारोह में कुनकुरी तहसील के कुल 69 हितग्राहियों को 12 लाख 85 हजार एवं दुलदुला तहसील के 25 हितग्राहियों को 3 लाख 20 हजार राशि के चेक का वितरण किया गया है। तहसील कुनकुरी से कुल 95 हितग्राहियों हेतु 17 लाख 50 हजार रूपए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत हुए थे।

स्टाफ नर्स भर्ती : पात्र अपात्र सूची जारी

जशपुरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति जशपुर के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन अंतर्गत स्टाफ नर्स एवं रेडियोग्राफर की वरीयता सूची जारी कि गयी थी। जिसमें त्रुटियां पायी गयी जिस हेतु आयोजित कौशल दक्षता परीक्षा को स्थगित किया गया था। उपरोक्त 02 पदों पर अभ्यर्थियों हेतु पुनः दावा आपत्ति किये जाने हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है।

आईआईटी में हर्षराज ने हासिल किया 74 वां रैंक

जशपुरनगर। आईआईटी का रिजल्ट जारी कर दिया गया है।

इसमें जशपुर के रहने वाले हर्षराज सोनी ने आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल कर जिले के साथ राज्य नाम रोशन किया है। उन्होंने शिवाजी कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से अपनी पढ़ाई पूरी की है। दूसरे प्रयास में उन्होंने कड़ी मेहनत कर बेहतर रैंक हासिल किया। उनकी बेहतर रैंक आने पर कॉलेज के प्राचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। हर्षराज सोनी के पिता संतोष कुमार सोनी एवं माता श्रीमती शोभा देवी सोनी दरबारीटोली में निवास करते हैं। आईआईटी में आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल करने पर माता-पिता बहुत खुश है। उन्होंने बताया कि हर्षराज को बैंगलोर साइंटिस्ट एजुकेशन में प्रवेश के लिए चुना गया है।

न्यायालय तहसीलदार बरमकेला, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 20
ग्राम डूमरपाली प.ह.न. 23
तहसील बरमकेला.
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा ग्राम डूमरपाली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महलो पति युद्धिष्ठिर जाति केंवट निवासी ग्राम डूमरपाली तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता/माता पति/पत्नि/पुत्र/पुत्री का जन्म / मृत्यु दिनांक 18/03/2017 को डूमरपाली में हुआ है। आवेदक जन्म/ मृत्यु पंजीयन की अनभिज्ञता के कारण पिता/माता/पति/पत्नि/पुत्र/पुत्री का समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। शासकीय कार्य एवं शिक्षा हेतु पिता/माता/पति/पत्नि/पुत्र/पुत्री के जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने के कारण आवेदक जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन, शपथपत्र, अनुपलब्धता एवं चालान को संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 28/06/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकतें है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/06/20.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, बरमकेला

पुलिस अधिकारी से मारपीट करना पड़ा महंगा

डीएसपी के साथ मारपीट, सरकारी कार्य में व्यवधान, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जशपुर के डीएसपी सुरक्षा विजय राजपूत के साथ मारपीट करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामाला कांसाबेल व पत्थलगांव के बीच का है। जशपुर के डीएसपी सुरक्षा विजय राजपूत अपने आरक्षक विनोद भगत के साथ स्कॉर्पियो वाहन से गौ रक्षा टीम तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करने कांसाबेल से पत्थलगांव आ रहे थे।

- सात आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

गाबहला चौक में धनीराम के घर के पास डीएसपी राजपूत ने बांस से लदी ट्रैक्टर के चालक को सही चलाने की समझाइस देने पर वहां मौजूद आनंद बेक,दीपक एक्का मार्शल एक्का,प्रिंसि खलखो,मनोज तिर्की, मिलसन एक्का,इलियास कुजूर ने डीएसपी राजपूत के साथ मारपीट करते उनकी वर्दी फाड़ते सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। श्री राजपूत ने घटना की जानकारी पत्थलगांव थाने में दी।

डीएसपी सुरक्षा की पिटाई करने वाले सभी सात आरोपी पुलिस गिरफ्त में ।

पीडब्ल्यूडी के संभागीय लेखाधिकारी ने की कर्मचारी की पत्नी व बेटी पिटाई

पत्थलगांव। गाड़ी खड़ी करने की बात पर लोक निर्माण विभाग में कार्यरत संभागीय लेखाधिकारी आलोक मंडल ने विभाग के ही कर्मचारी पारस कैथल की पत्नी व बेटी की जमकर पिटाई कर दी। थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

- थाने में अपराध दर्ज

मंगलवार रात करीबन 7 बजे के आसपास पीडब्ल्यूडी में कार्यरत संभागीय लेखाधिकारी आलोक मंडल ने विभाग के ही कर्मचारी पारस कैथल की पत्नी सुशीला कैथल,बेटी सुषमा कैथल व मोहित कैथल की जम कर पिटाई कर दी। पिटाई के वक्त आलोक मंडल की पत्नी भी वही मौजूद थी। पिटाई का वीडियो भी है, जिसमे आलोक मंडल सुशीला कैथल की बेटी सुषमा कैथल के साथ भी मार पीट करते दिख रहा है। शासकीय कर्मचारी के द्वारा महिला बेटी और उसके नाबालिग बच्चे के साथ इस तरह की गई मारपीट को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी के द्वारा अमानवीय कृत्य कहा जा रहा है। उनका कहना है जब महिला का पति घर मे नही है तब महिला और उसके बच्चे के साथ इस तरह की मारपीट कर आलोक मंडल क्या दिखाना चाह रहा है।

कर्मचारी परिवार की पिटाई करते अधिकारी।

एडीशनल एसपी ने किया पत्थलगांव थाने का निरीक्षण

पत्थलगांव। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने पत्थलगांव थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाने में रखे अस्त व्यस्त सामान पर नाराजगी जताई। साथ ही मालखाना प्रभारी को समझाइए देते कहा, कि मालखाने में समान अच्छे ढंग से जमे हुए होने चाहिए। उन्होंने शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया।

- मालखाना में पड़े अस्त व्यस्त सामान व खुली बिजली तारों पर जताई नाराजगी

पुलिस थाने के अन्य विवेचक कमरों का भी बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमरे में बिजली के खुले हुए तार देखकर उन्होंने स्टाफ को जल्द बिजली के खुले तारों को सुधरवाने के निर्देश दिए। श्री सोनी ने सीसीटीएनएस शाखा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीएनएस कर्मचारियों को 30 जून के 12:00 के बाद 1 जुलाई को भारतीय दंड संहिता में परिवर्तन के संबंध में व नए भारतीय न्याय संहिता के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पत्थलगांव एसडीओ दुर्गेश जायसवाल मौजूद रहे।

मालखाने का ताला खुलवाते एडीशनल एसपी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ठग अंकित का साथी करण भी गिरफ्तार

जशपुरनगर। पुलिस ने 87 लाख 60 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी अंकित ताम्रकार के साथी करन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दकया गया है।

- करन ने ठगी के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में किया था सहयोग

प्रार्थी कमलेश जैन उम्र 51 साल निवासी जशपुरनगर के द्वारा 27 मार्च को भूमि स्वामी की भूमि का रजिस्ट्री कराने या दिये गये रूपये वापस करने बाबत शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। जांच पर अनावेदक अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर द्वारा आवेदक कमलेश जैन के साथ भूमि का सौदा की बात को लेकर लाखों रूपये लेकर धोखाधड़ी कर ठगी करना पाया गया। इसके बाद आरोपी अंकित ताम्रकार व उसके साथी करन सिंह के विरूद्ध प्रथम दृष्टिया धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी अंकित ताम्रकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि उसके साथी करन सिंह की तलाश जारी थी। गुरूवार को आरोपी के साथी करन सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। आरोपी करन सिंह ने आरोपी अंकित ताम्रकार को ठगी करने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में सहयोग किया था।

राजस्व अमले की कार्यशाला में कराया नियमों से अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस को कलेक्टर धर्मेश साहू के समक्ष डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा ने राजस्व न्यायालय की कार्य प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। श्री शर्मा ने कहा कि भू राजस्व संहिता की धाराओं को एवं सीपीसी की धाराओं को संयुक्त रुप से देखे जाने की आवश्यकता है क्योंकि बहुत से मामलों का भू.राजस्व संहिता में कोई प्रावधान नहीं है। इसके पश्चात बिलासपुर भू अभिलेख शाखा के राजस्व निरीक्षक रमेश नायक एवं पीयूष दीवान के द्वारा भू अभिलेख शाखा एवं डायवर्सन के संबंध में जानकारी दिया गया एवं राजस्व विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। जांजगीर चांपा कार्यालय से सहायक ग्रेड 2 शैलेन्द्र सिंह एवं नबीअहमद खान ने भू आबंटन के संबंध में जानकारी दिया। इसी क्रम में बिलासपुर एवं रायगढ़ जिले से आए कर्मचारियों ने वाचक शाखाए नाजीर शाखा, प्रपत्र शाखा, शिकायत शाखा, बाढ़ राहत एवं सांख्यिकी शाखा एवं स्थापना शाखा से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहूए डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, साथ ही राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

रेत परिवहन करते 6 टैक्टर जब्त

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं एसपी शशि मोहन के निर्देशन में तथा पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेत की अवैध खनन पर कार्रवाई की जा रही है। रेत खनन के लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर निरंतर कार्रवाई जारी रह है। इसी कड़ी में आज पत्थलगांव में अवैध रैत परिवहन पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार पत्थलगांव के रामाश्रय सिंह, नायब तहसीलदार बागबहार गणेश सिदार, राजस्व निरीक्षक केराकछार ताराचंद राठौर पटवारी सतीश दास, पुलिस विभाग से थानाप्र भारी टीआई विनीत पाण्डेय एवं टीम के द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए छः टैक्टर टाली में रेत भरा हुआ जप्ती कर कार्यवाही की गई।

रेत परिवहन में जब्त ट्रैक्टर।

फरार चल रहा कुख्यात पशु तस्कर अस्फाक अंसारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब तक सैकड़ों मवेशी तस्करों से छुड़ाए गए हैं। पकड़े गए मवेशी तस्करों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस द्वारा निरंतर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते सैंकड़ों मवेशियों को जब्त किया गया है एवं फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

- पशु तस्करों के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

22 मार्च को प्रार्थी टिकेश्वर यादव उम्र 36 साल निवासी दाराखरिका ने थाना नारायणपुर में सूचना दी,कि 3 व्यक्ति हस्तिनापुर ग्राम से 06 रास मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते हुये झारखंड प्रांत की ओर ले जा रहे हैं, इस सूचना पर तत्काल थाना स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर मवेशी हांकने वाले गोकुल चौहान तथा संदीप चौहान को अभिरक्षा में लेकर पशुओं को जब्त किया गया। पूछताछ करने पर मवेशियों को अस्फाक अंसारी का होना बताया एवं झारखंड प्रांत की ओर ले जाना बताया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में अपराध क्रमांक 25/24 धारा छग कृषि पशु परि अधि 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी 1-संदीप चौहान उम्र 32 साल निवासी लोधमा थाना कुनकुरी एवं 2-गोकुल कुमार चौहान उम्र 38 साल निवासी हस्तिनापुर को 22 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। प्रकरण का मुख्य अभियुक्त अस्फाक अंसारी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया था।

आरोपी अस्फाक अंसारी

मुखबीर की सूचना पर 26 जून को दबिश देकर कार्यवाही करते हुए अस्फाक अंसारी को ग्राम खरवाटोली से अभिरक्षा में लिया गया एवं उक्त अपराध में सम्मिलित होना बताया है। आरोपी अस्फाक अंसारी उम्र 28 साल निवासी शिवराजपुर थाना घाघरा जिला गुमला (झारखंड), हाल मुकाम खरवाटोली को 26 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रार्थी राधेश्याम राम उम्र 58 साल निवासी चटकपुर ने 26 जून को थाना नारायणपुर में सूचना दी, कि ग्राम बेने तेतरटोली की ओर से एक मवेशी तस्कर 07 रास मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते झारखंड प्रांत की ओर ले जा रहा है इस सूचना पर तत्काल थाना नारायणपुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर 07 रास मवेशियों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर बताये कि मवेशी तस्कर दबाव में आकर वहां से भाग गया। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में अपराध क्रमांक 58/24 धारा छग कृषि पशु परि अधि 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं पशु जप्ती कार्यवाही एवं अस्फाक अंसारी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, बेलसाजर तिर्की, पूरन पटेल, ओमप्रकाश यादव, बिरेन्द्र भगत एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा है।

मिल रही सफलता

जिला पुलिस द्वारा पशु तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान में निरंतर सफलता मिल रही है, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम को लगाया गया है।

शशि मोहन सिंह
पुलिस अधीक्षक जशपुर

कन्या कॉलेज में बॉस्केटबॉल का अभ्यास मैच

सारंगढ़। जिले के बॉस्केटबॉल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के गर्ल्स कॉलेज में प्रेक्टिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। वहीं कोच अंजू जोशी समय निकालकर व विशेष मार्गदर्शन देकर खिलाड़ियों के लिए कार्यक्रम में सहभागिता देती हैं।

जिसमें बॉस्केटबॉल के जिले भर के खिलाड़ी भी बड़े ही उत्साह के साथ भाग लेकर इस खेल विधा की बारीकियों को सीखकर प्रतियोगिता में भाग भी लेते हैं। इन्हीं खिलाड़ियों के लिए विगत रविवार को शहर के गर्ल्स कॉलेज में प्रेक्टिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टीम की भारती खड़िया ने बताया कि प्रेक्टिस टूर्नामेंट में कुल 60 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया जिसमें से गर्ल्स की 15 टीमों ने और 10 बॉयज की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के ओपनिंग के समय में मुख्य अतिथि सलीम नियारिया पार्षद और समापन अवसर में मुख्य अतिथि निगम प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम सोलंकी, श्रीमती लता डोरा लॉयंस क्लब प्राइड अध्यक्ष आशा बेरीवाल, मनीषा वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई कोच अंजू जोशी व टीम की सदस्य जिसमें भारती खड़िया, हिमानी, आस्था रजवाड़े, अमिता खड़िया, निकिता मिंज, पूनम भगत, साक्षी महंत, अतुल मिश्रा, राहुल, विकास दास एवं अन्य रहे। कार्यक्रम के पश्चात लॉयंस क्लब प्राइड ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

स्वास्थ्य विभाग ने किया स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच

रायगढ़। ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति के बाद शासन के निर्देशानुसार 26 जून से नए शिक्षण सत्र के शुभांरभ के साथ ही जिले के सभी स्कूलों के दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए पुनः खोल दिए गए हैं। जहां आज सुबह स्कूली बच्चों ने स्कूलों का रूख किया। वहीं प्रथम दिन होने पर प्रवेशोत्सव की तैयारी में बैठे स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर तिलक चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही नए कक्षाओं की पाठय पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए नए कक्ष से रूबर कराया। जिले के जिले के विकासखंड पुसौर, रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जहां शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर, गणवेश पुस्तक प्रदान कर पढ़ाई का शुभारंभ किया। लंबे अवकाश के बाद बच्चों में स्कूल आने एवं पढ़ाई को लेकर उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर स्कूलों में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिरायु टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में नव प्रवेशित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया। विभाग द्वारा जिले के रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विकास खंड के 12 स्कूलों में लगभग 237 का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही मौके पर बच्चों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

परिवर्तित कर छात्रों की भर्ती का कोटा निर्धारित करने से वंचित हुए बच्चे

बसंतमाला विद्यालय का माध्यमिक शाला के रूप में उन्नयन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय हायर सेकंण्डरी स्कूल को आत्मानंद स्कूल में परिवर्तित कर छात्रों की भर्ती का कोटा निर्धारित करने से किरोड़ीमल नगर के शताधिक बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो गये हैं। स्कूल का कोटा बढ़ाने अथवा शासकीय प्राथमिक बसंतमाला विद्यालय का माध्यमिक शाला के रूप में उन्नयन करने की मांग को लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

किरोड़ीमल नगर में एकमात्र शासकीय हायर सेकंण्डरी स्कूल थाए जिसे आत्मानंद स्कूल में परिवर्तित कर दिया गया था। वहीं स्कूल में सौ छात्र छात्राओं का कोटा निर्धारित कर दिया गया है, जिन्हें लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया गया है। दूसरी ओर नगर पंचायत में एकमात्र हायर सेकंण्डरी स्कूल है तथा भर्ती लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या लगभग 180 है।

ऐसे में 80 छात्र छात्राओं को स्कूल में प्रवेश नहीं मिल सका है। अन्य शासकीय स्कूल नहीं होने की वजह से ये छात्र पढ़ाई से वंचित हो गये हैं। अपने बच्चों के पढ़ाई से वंचित होने से चितिंत पालकों ने कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को ज्ञापन सौंप कर उन्हे अपनी परेशानी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा है।क्षेत्र के रहवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि आत्मानंद स्कूल में कोटा बढ़ा कर दो सौ किया जाए ताकि सभी को प्रवेश मिल सके अन्यथा किरोड़ीमल नगर में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला बसंतमाला विद्यालय का माध्यमिक शाला के रूप में उन्नयन किया जाए। वहीं कलेक्टर ने उनकी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है।

बालको मेगा रक्तदान शिविर में 250 लोगों ने लिया हिस्सा

बालकोनगर, 27 जून 2024। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा के जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कंपनी के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लोगों के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा जिले में एक दिन में 250 यूनिट से अधिक जीवन रक्षक रक्त एकत्र किए गये।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा आयोजित एक दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर कोरबा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों के देखरेख में संचालित किया गया। समर्पित चिकित्सा कर्मचारियों ने शिविर के दौरान रक्त संग्रह के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ ही रक्तदान प्रक्रिया और इसके लाभ के बारे में स्वयंसेवकों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने में भी मदद की। सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग और जांच के बाद एकत्रित रक्त को कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के रक्त बैंक में संग्रहीत किया गया। जरूरतमंद लोगों को ब्लड यूनिट नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी। थैलेसीमिया, सिकल सेल, कैंसर, सड़क यातायात दुर्घटनाओं, गर्भवती माताओं और हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों के इलाज के लिए उनकी रक्त आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमने चिकित्सा संबंधी चुनौतियों की एक विस्तृत समझ के साथ सभी लिंग एवं आयु समूह के कल्याण को संबोधित करने के लिए तैयार की गई विविध पहलों के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य को लगातार प्राथमिकता दी है। रक्तदान अभियान के दौरान समुदाय की सामूहिक प्रतिक्रिया को देखना सुखद है जिससे रक्त बैंक के भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है। इस प्रयास ने आपातकालीन रक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिकित्सा ढांचे को मजबूत किया है और अनगिनत लोगों की जान बचाई है।

बालको के प्रयास की सराहना करते हुए कोरबा के मुख्य स्वास्थ्य और चिकित्सा अधिकारी श्री एस.एन. केसरी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और 250 से अधिक लोगों का रक्तदान कराना वास्तव में एक उल्लेखनीय प्रयास है। मैं प्रत्येक रक्तदाता को उनके निस्वार्थ कार्य के लिए बधाई देता हूँ। उदारता का यह कार्य हमारे समुदाय में अनगिनत लोगों की जान बचाने में मदद करेगा जिससे कई परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

बालको का मेगा रक्तदान शिविर जीवन रक्षक ब्लड यूनिट को एकत्रित करने में सफल रहा।

सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के माध्यम से उनके योगदान को सराहा गया। इसका उद्देश्य उनके निस्वार्थ कार्यों का सम्मान करना और प्रोत्साहन प्रदान करना था।

बालको समुदाय की भलाई में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे वर्ष कई स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करता है। वित्तवर्ष 2024 में 1.35 लाख से अधिक लोगों के जीवन को को लाभ पहुंचाया है। कंपनी अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य पहल का संचालन करता है।

स्वास्थ्य पोस्ट (आरएचपी) के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। साथ ही एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता है। परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 50,000 लोग लाभान्वित हुए हैं। कंपनी अपने मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) के माध्यम से क्षेत्र में 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाया है जो हर 15 दिनों में क्षेत्र का दौरा करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 15,500 से अधिक नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। कंपनी त्रैमासिक मेगा स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता आयोजित करता है जो टीकाकरण, स्वच्छता प्रथाओं और समग्र स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देते हैं। नई किरण परियोजना के तहत बालको ने कोरबा के 45 गांवों में जागरूकता के माध्यम से 57,000 से अधिक लोगों को माहवारी के दौरान स्वच्छ प्रथाओं के बारे में जागरूक किया है। बालको मेडिकल सेंटर 170 बिस्तरों का अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र है। देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में यह अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित है। वर्ष 2018 में केंद्र के उद्घाटन के बाद लगभग 38,500 पीड़ितों को विभिन्न विशेषज्ञों ने उपचार मुहैया कराए हैं।

100 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एव उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। विशेषज्ञों की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसे 14 रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, 60 नर्स और 113 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। नियमित जांच शिविर, जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ ही आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों का अनुसरण बालको अस्पताल में किया जाता है। बालको अस्पताल छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिलों से हर साल 2 लाख 10 हजार से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान करता है।

Feature Impact



अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए की तीन प्रॉपर्टी

मुंबई। इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं।

लाइफ Style

ऋचा

लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋचा ने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है।

उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था। ऋचा चड्ढा को लज्जो के रूप में दर्शकों से बेहद प्यार मिला था। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋचा के साथ मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सेगल, संजीदा शेख जैसी एक्ट्रेस नजर आईं थीं।

हॉलीवुड मसाला

चोट से नहीं उबर सके हैं जेरेमी

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बर्फ में हुई दुर्घटना से अब तक पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब भी चुनौतीपूर्ण किरदारों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की।

टॉम हैंक्स एआई की तस्वीर में दिख रहे युवा

लॉस एंजिलिस। टॉम हैंक्स इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता एक बार फिर से 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने 'हियर' की एक तस्वीर को दर्शकों के संग साझा किया है। इस तस्वीर में फिल्म की अभिनेत्री रॉबिन राइट और टॉम हैंक्स एकदम युवा दिख रहे हैं। टॉम हैंक्स के फैंस में इस फिल्म को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'हियर' को रॉबर्ट जेमेकिस ने एरिक रोथ के साथ मिलकर लिखा है। टॉम हैंक्स की आगामी फिल्म 'हियर' रिचर्ड मैकगायर के उपन्यास पर आधारित होगी। 2014 में प्रकाशित हुए इस ग्राफिक उपन्यास का नाम भी पर 'हियर' ही था। इस उपन्यास में एक ही स्थान पर एक सदी की कहानी लिखी गई है।

ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

मुंबई। ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।

नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

मुंबई। बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।

टीवी मसाला

'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है' अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है. शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील'हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया'की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

3 साल की डेटिंग के बाद तेजस्वी करण का हो गया ब्रेकअप!

नई दिल्ली। बिग बॉस में कई रिश्ते बने, कुछ का प्यार हमेशा के लिए रहा, तो कोई कुछ सालों के बाद अलग हो गए. बिग बॉस 15 में यूं तो तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा एक दूसरे के कंपीटीटर बनकर आए थे, लेकिन शो को दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। दोनों ने बाहर आकर अपने प्यार को कबूल भी किया। लेकिन, तीन साल प्यार के रिश्ते में रहने के बाद अब खबर है कि दोनों के बीच अब सब खत्म को हो गया है। सूत्र ने बताया कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर बहस और लड़ाइयां हो रही थीं। इसलिए दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों अभी भी पब्लिक में एक साथ नजर आ रहे हैं। क्योंकि वो दोनों पिछले तीन साल से एक पावर कपल रहे। वो दोनों अभी अपने ब्रेकअप का जल्द ऐलान नहीं करने वाले हैं। हालांकि, करण और तेजस्वी ने अपने ब्रेकअप पर कोई भी कमेंट नहीं किया है।

सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

नई दिल्ली। शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं। हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है।

श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

नई दिल्ली। साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था।

इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था।

अंजू महेंद्रू नहीं, इस एक्ट्रेस संग 'काका' की स्ट्रांग बॉन्डिंग देख जलती थीं डिंपल?

मुंबई। डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था। अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। बॉलीवुड में यूं तो कई स्टार्स हैं, जिनके प्यार के किस्सों की अलग-अलग कहानियां हैं। एक जमाने में रेखा संग अमिताभ बच्चन की दोस्ती सुर्खियों में थी। देवानंद साहब के साथ सुरैया का नाम जुड़ा तो दिलीप कुमार के साथ मधुबाला. राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार रहे। अंजू महेंद्रू संग उनके रिलेशनशिप में रहने और फिर अपनी उम्र से 16 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर खूब सुर्खियां लूटीं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अंजू महेंद्रू नहीं एक बॉलीवुड हसीना के साथ 'काका' की बॉन्डिंग इतने जबरदस्त थी कि कई बार तो उनकी पत्नी यानी डिंपल कपाड़िया को भी जलन होने लगती थी।

डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था. अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं मुमताज थीं। फिल्म इंडस्ट्री के लोग कई नामों से इन्हें बुलाते थे। राजेश खन्ना उन्हें प्यार से 'मोटी' कहते थे। देवानंद उन्हें प्यार से 'मुंजी' बुलाया करते थे और बहुत सारे लोग उन्हें उनके निक नेम 'मुमु' से पुकारा करते थे। राजेश खन्ना संग उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और दोनों की जोड़ी को भी पर्दे पर लोगों ने काफी पसंद किया. 'प्रेम कहानी', 'दो रास्ते', 'आपकी कसम', 'दुश्मन', 'रोटी', 'अपना देश', 'राजा-रानी' और 'बंधन' जैसी कई फिल्मों में दोनों को साथ देखा गया। राजेश खन्ना और मुमताज की दोस्ती बहुत गहरी थी। एक बार वो भीड़ में बिना हिचक के राजेश खन्ना की जान बचाने चली गई थीं। लेकिन, राजेश खन्ना और मुमताज की इस दोस्ती से डिंपल कपाड़िया को जलन होती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब राजेश खन्ना का नाम मुमताज से जुड़ा तो डिंपल को पहले तो विश्नास नहीं हुआ, लेकिन लगातार आ रही खबरों ने उनके विश्वास को डोला दिया और मन में शक होने लगा। अब, जब भी राजेश खन्ना मुमताज के साथ कोई फिल्म करते तो डिंपल सेट पर पहुंच जाया करती थीं।

मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग

नई दिल्ली। अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेदह खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं।

खबर संक्षेप

अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर कार्रवाई

रायगढ़। कलेक्टर जन चौपाल में ग्राम छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर से अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वृत्त खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर में छापेमारी की गई जिसमे अचानकपुर में नाला किनारे हाथ भट्ठी से अवैध आसवित 68 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 13600, प्लास्टिक डिब्बे एवं बोरियो के भीतर शराब बनाने योग्य तैयार 960 किण्ग्रा महुआ कीमत लगभग 48000 एवं शराब बनाने के बर्तन आदि लावारिस हालत में बरामद होने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया। साथ ही ग्राम छोटे पंढर मुड़ा निवासी मालती पति त्रिभुवन राठिया के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने तथा कुल 4.2 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 840 का बिक्री करने के उद्देश्य से धारण करने पर 34 (1) ख के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य आरक्षक मनोज तिवारी आरक्षक रमन नेमी, स्टाफ तेजराम का विशेष योगदान रहा।

पतरापाली में प्रवेश उत्सव मनाया गया

घरघोड़ा। शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पतरापाली में प्रवेश उत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत पतरापाली के सरपंच अमालाल राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं शिक्षा समिति के सदस्यों, पालकों, गणमान्य नागरिकों तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव प्रारंभ पूजा अर्चना के साथ हुई जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी बच्चों को रोली टीका, पुष्प प्रदान करने के पश्चात शासन द्वारा प्राप्त पुस्तकों को अतिथियों के द्वारा वितरण किया गया तथा उसके पश्चात सभी बच्चों की आरती के साथ स्वागत की गई। स्वागत पश्चात उद्बोधन सरपंच, शिक्षकों, एवं ग्रामीण प्रबुद्ध जनों द्वारा दिया गया। जिसमें मुख्य रूप बच्चों की उपस्थिति एवं शासकीय स्कूलों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं जैसे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक,स्कूल ड्रेस,छात्रवृत्ति दोपहर को गरम भोजन मध्यान भोजन की वितरण, हाई स्कूल में साइकिल वितरण, खेलकूद की सुविधा, योग शिक्षा, लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा लड़कियों के लिए विशेष लड़कियों में आयरन गोली वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण इत्यादि शासन द्वारा समस्त स्कूलों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया। आज के प्रवेश उत्सव में सरपंच द्वारा नेवता भोज दिया गया जिसमें हरी सब्जीएखीर चावल दालए पापड़ की व्यवस्था की गई थी। अंत में आभार प्रदर्शन के कार्यक्रम की समापन की गई।

पृष्ठ 1 का शेष

जीवन में परिवर्तन का ...

मान सम्मान मिले तो इसका सबसे सहज एवं सरल माध्यम शिक्षा है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सारी सुख सुविधा मान सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। यह आपको इस उम्र में समझने की आवश्यकता है। मैं स्वयं छोटे से गांव बायंग का निवासी हूं मेरे दादा किसान थे, मेरी मां कम पढ़ी लिखी है लेकिन उन्होंने मेरी पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज आप सभी अच्छे स्कूल और शिक्षकों के बीच पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि हमारे समय में ना तो अच्छे स्कूल थे और न ही पूरे विषयों के शिक्षक। उन्होंने स्कूली पढ़ाई से लेकर आईएएस बनने तक के सफर को साझा करते हुए कहा कि आपके जिले के बायंग गांव का व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों के बाद भी कलेक्टर बन सकता है तो आप हमसे बेहतर जगह पर जा सकते हैं। मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं अपने आप पर भरोसा रखेंए दुनिया की कोई भी ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारत तेजी से बदलते हुए विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। इसमें बहुत सारे लोगों को अवसर मिलेगा। हम अपने आप को उस अवसर को लेने के लिए कितना तैयार कर पाते हैंए यह आप पर निर्भर करता है। शासकीय नौकरियों के अलावा अन्य संभावनाएं भी हैं, उसको भी आप को समझना होगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों के अंदर व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, धैर्य का विकास करें तभी वे कठिन से कठिन लक्ष्य पा सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को कहा कि बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन दें। शिक्षकों के हाथ में बच्चों का भविष्य होता है आप उनको सवार सकते हैं सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।

एसटीपी और एसएलआरएम सेंटर का किया मुआयना

निरीक्षण की औपचारिकता निभाकर एनजीटी जांच दल कोरबा रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

बीते मंगलवार शाम रायगढ पंहुची एनजीटी के जांच दल ने बुधवार सुबह निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी से चर्चा कर वास्तुस्थिति से अवगत हुए इसके बाद 25 एमएलडी एसटीपी बांजीनपाली पहुंचकर करीब दो घंटे निरीक्षण के बाद टीम बांजीनपाली 7 एमएलडी एसटीपी अतरमुड़ा में पहुंची। इसके बाद संस्कार स्कूल के पास एसएलआरएम सेंटर को देखा। यहाँ जांच दल के पहुँचने के ठीक पहले सुबह सुबह निगम के अधिकारी पंहुचकर मणिकंचन केन्द्र की दशा बदल चुके थे। जांच दल ने बड़े रामपुर में कचरा डंपिंग यार्ड का भी जायजा लिया।

इसी कड़ी में ज्वाइंट टीम ने दोनों एसटीपी में पहुंचकर पानी शोधन की पूरी प्रक्रिया देखी। एक एक प्वाइंट पर पहुंचकर काम देखा। पानी के सैम्पल भी देखे और रीडिंग नोट की। इसके बाद टीम को संस्कार स्कूल के पास एसएलआरएम सेंटर ले जाया गया जहां नगर निगम ने सुबह से दो अधिकारियों को तैनात कर दिया था। रामपुर कचरा डंपिंग यार्ड में भी टीम को ले जाया गया। इसके अलावा टीम ने शहर में कोई स्पॉट नहीं देखा और कोरबा रवाना हो गई।

एसटीपी पहुंचकर निरीक्षण करते ग्रीन ट्रिब्यूनल जांच दल के अधिकारी।

इसकी रिपोर्ट एनजीटी में सबमिट की जाएगी। हैरानी की बात यह है कि रायगढ़ शहर के केवल पांच स्पॉट देखकर पूरे जिले की रिपोर्ट बना दी जाएगी।

गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर नजर रखने का आदेश दिया है। इसके लिए छमाही रिपोर्ट मांगी जाती है। छग की ओर से 1 अप्रैल को जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, उसके आंकड़ों पर एनजीटी ने संदेह जताया था। जिसके बाद एक संयुक्त दल गठित कर जांच हेतु भेजा गया था। टीम में प्रमुख रूप से एस सतीश कुमार, डॉ. सक्सेना, साइंटिस्ट एमटी करुपैया, सीईसीबी के पीके राबड़े शामिल थे।

जनपद सीईओ ने ली सचिवों की बैठक

पुसौर। पुसौर जनपद क्षेत्र के 88 ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति के संदर्भ में संबंधित सचिवों के साथ बैठक किया जिसमें पंचायतों में निर्माण हो रहे सामुदायिक शौचालय, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य विशय रहे। ज्ञात हो कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक परिवार के शौचालय हेतु अनुदान राशि वितरित हो रहा है वहीं सामुदायिक शौचालय भी निर्माण कराये जा रहे हैं जो कई पंचायतों में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रहा है इस तथ्य पर संबंधित पंचायत सचिवों को कडे शब्दों में हिदायत दिया चूंकि बरसात सिजन में उक्त सामुदायिक शौचालय उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आयुष्मान कार्ड के लिए घर घर सर्वे करने के साथ ही मनरेगा कार्य में मजदुरों की संख्या बढाने के लिए इन्होंने कहा। इसी कडी में पंचायतों में चल रहे अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास के संबंध में सीईओ बनर्जी ने कहा कि अपने जनपद क्षेत्र में 96 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं शेष 4 प्रतिशत आवास पूर्ण कराने के बाद आवास जारी होंगे।

एमएसपी स्टील को एप्रूवल निरस्त करने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केन्द्र की विस्तृत सड़क निर्माण परियोजना अंतर्गत टीएमटी निर्माता कंपनियों से मंगाया गया सरिया जांच में कमज़ोर पाये जाने पर नेशनल हाईवे अथारिटी ने रायगढ के जामगांव स्थित एमएसपी स्टील एंड पावर के टीएमटी बार मानकों से कम गुणवत्ता का पाये जाने पर एमएसपी स्टील को एप्रूवल सस्पेंड करने का नोटिस दिया है। भारतमाला परियोजना में कंपनियां मानकों के अनुसार कच्चा माल सप्लाई करें, इसके लिए एक व्यवस्था बनाई गई है।

कंपनियों से मानकों के अनुसार कोटेशन मंगवाए जाते हैं। लैब टेस्ट करने के बाद सरिया या अन्य स्टील प्रोडक्ट को अनुमति दी जाती है। सडक़ें लंबे समय तक टिकें इसके लिए टीएमटी बार की गुणवत्ता भी बहुत महत्वपूर्ण है। एनएचएआई के अंतर्गत कर्नाटक में सन्नूर से बिकर्णकेटे एनएच 169 का निर्माण भारतमाला परियोजनाद के तहत चल रहा है। इसमें एमएसपी स्टील एंड पावर जामगांव से टीएमटी बार सप्लाई किए गए थे। एमएसपी

■ लैब टेस्ट में टीएमटी की गुणवत्ता कमजोर, 15 दिन में मांगा जवाब

स्टील को 12 दिसंबर को वन टाइम सोर्स एप्रूवल के लिए इम्पैनल किया गया था जिसके आधार पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट में टीएमटी बार सप्लाई करने का ऑर्डर मिला था। एनएचएबाई ने नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज की लैब में सरिया का रैंडम टेस्ट करवाया। नोटिस के मुताबिक केमिकल कंपोजिशन टेस्ट में छड़ों की गुणवत्ता मानकों के हिसाब से नहीं थी। टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर अब एनएचएआई ने नोटिस दिया है। इस मामले में कुल 11 टीएमटी निर्माता कंपनियों को नोटिस देकर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

तमनार ब्लॉक के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव पर विद्यार्थियों का किया स्वागत

तमनार। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन 26 जून को केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य जनपद तमनार के गोढ़ी, सराईपाली, धौराभांठा, मिलुपारा, हमीरपुर सहित 24 संकुल के 137 प्राथमिक 59 माध्यमिक 11 हाई एवं 14 हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

स्कूल पहुंचे बच्चों का शाला विकास समिति जनप्रतिनिधियों ने तिलक रोली लगाकर स्वागत किया गया। स्वामी आत्मानन्द शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी में बच्चों का तिलक रोली लगाकर मुंह मीठा कराकर नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। पाठ्य सामग्री वितरण के साथ उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जतिन्द्र साव अध्यक्ष भाजपा मंडल तमनार ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 26 जून से विद्यालयों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। पूरे प्रदेश में प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है तथा नवप्रवेशी छात्रों के साथ सभी छात्रों को पाठ्य सामग्रियां गणवेश प्रदाय कर

अभिनन्दन किया जा रहा है। बीईओ ने पालकों से कहा कि आप लोग अपने बच्चों को रोज स्कूल भेजें, पढ़ाई के साथ साथ शैक्षणिक गतिविधियों एवं खेलकूद में भी भाग लेकर आगे बढ़े तथा जिला ब्लॉक और गांव का नाम रोशन करे।

शाला प्रवेश उत्सव को जन.जन का अभियान बनाने हेतु सभी स्तर पर सफल बनाना है ताकि शत प्रतिशत बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर समग्र शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। गोढ़ी स्कूल कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सहोद्रा राठिया, बीडीसी गायत्री बेहरा, सरपंच गोविंद सिंह नेटी, गिरिजाशंकर पटेल, जतिन्द्र साव अन्य गणमान्य नागरिक बीईओ मोनिका गुप्ता, बीईओ उत्तर सिदार, बीआरसी जयप्रकाश साहू, प्रिसिपल संकुल समन्वयक स्कूली स्टाफ सैकड़ो छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

105 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में कल पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को 105 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक कल 26 जून को थाना प्रभारी पूंजीपथरा राकेश मिश्रा को मुखबीर से सूचना मिली कि सतीघाट गेरवानी केलो नदी के पास एक व्यक्ति काफी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है, सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम तैयार कर कार्रवाई के लिये मौके पर रवाना हुए जहां सतीघाट गेरवानी केलो नदी के पास घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना नाम जवाहर लाल बर्मन पिता ननकी दाउ बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी गेरवानी, थाना पूंजीपथरा बताया। संदेही से अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार किया और पास के बेशरम झाड़ियों के झुंड में छिपा कर रखे 07 नग प्लास्टिक डिब्बा में भरा 15-15 लीटर महुआ शराब जुमला 105 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 10, 500 निकालकर पेश किया।

गोंड समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए राज्यसभा सांसद

तमनार। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के तमनार में गोंड समाज कल्याण एवं विकास समिति मोर्गाक्षेत्र तमनार द्वारा गोंडवाना भवन कुघरीपारा तमनार में 24 जून सोमवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस सह प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह सांसद राज्य सभा के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यावती सिदार विधायक लैलूंगा की अध्यक्षता में सामाजिक पदाधिकारियों युवा महिलाओं की उपस्थिति में पीएससी में चयनित उत्कृष्ट गुडी एवं बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर समारोह

अभिनंदन पत्र का पाठन जिला संरक्षक बनमली प्रसाद सिदार ने किया एवं 15 लख रुपए का सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत बाबत मांग पत्र दिया गया।

सांसद द्वारा सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की एवं इसके अतिरिक्त भवन के रंग रोगन बाउंड्री वॉल सौंदर्य करण हेतु 2 लाख रूपए स्वीकृत करने की भी घोषणा की। गरुड़ कुमर्रा द्वारा 1 एकड़ भूदान पर प्रशसा करते सांस्कृतिक भवन की नामकरण करने की घोषणा की।

नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विधायक लैलूंगा विद्यावती सिदार को शॉल श्रीफल, अभिनन्दन पत्र से सम्मानित किया गया। जय बड़ा देव वीरांगना महारानी दुर्गावती की जयघोष के साथ अतिथियों का कर्मा नृत्यक दल गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह ने वीरांगना महारानी दुर्गावती की बलिदान की गाथा बताकर गोंड समाज व राजाओं की देवी देवताओं स्थलों को बताते कला नगरी रायगढ़ राजा चक्रधर सिंह जी को नाम से शासन द्वारा चक्रधर समारोह भव्य आयोजन गौरव की बात है। उन्होंने गोंड समाज कल्याण एवं विकास समिति की मांग पर गोंडवाना समुदायिक भवन तमनार हेतु 15 लाख रुपये प्रदान करने घोषणा किया गया।

रविशंकर विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

रायगढ़। शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल चांदमारी रायगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सहायक जिला शिक्षा अधिकारी केके स्वर्णकार संकुल प्राचार्य श्रीमती दीप्ति अग्रवाल, वार्ड पार्षद श्रीमती रंजना कमल पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती शोभा शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्णानंद शर्मा एवं समिति के सदस्यगण, पालकगण तथा शालेय परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत शाला परिवार द्वारा पुष्प

गुच्छ से किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को रोली तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करते हुए उन्हें पाठ्य पुस्तक, गणवेश, लेखन सामग्री, चाकलेट आदि प्रदान किए। इस पावन दिवस पर मंचासीन अतिथियों के हाथों से शाला में विगत शैक्षणिक सत्र में अपनी कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए शिक्षकों को बधाई दी गई।

आकाश की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज, आरोपी फरार

रायगढ। करीब दो माह पहले शहर के सतीगुडी चौक स्थित आकाश वर्मा के घर से बरामद वन्य जीव की खाली और हथियार मामले में अब तक फरारी काट रहे आरोपी आकाश वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका बिलासपुर हाई कोर्ट ने ख़ारिज कर दी है।

जानकारी यह भी मिली है कि तेंदुए की मौत गोली या छर्रा लगने से हुई है क्योंकि खाल में छेद पाया गया है। मुखबिर से मिली सूचना पर वन विभाग ने सतीगुड़ी चौक से आगे बैकुंठपुर में शर्मा गली में आकाश के घर में छापा मारा था। घर से उनको एक तेंदु, की खाल, एक नग एयर पिस्टल और बुलेट खोखा मिला। वन विभाग ने इसे जब्त करते हुए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। छापे के

■ पहले भी वन्य जीव खाल के मामले में है आरोप

समय आकाश घर में नहीं मिला था। परिजनों से वन अमले ने पूछताछ की, तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। बताया जा रहा है कि छापे की खबर किसी ने आकाश को दे दीए जिसके बाद वह फरार हो गया। खाल की मांग विदेशों में बहुत अधिक है। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध कायम कर आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। इस बीच पता चला कि आकाश ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी जो खारिज हो गई। वन विभाग ने आकाश की पुरानी हिस्ट्री खंगालने एसपी रायगढ़ से मदद मांगी थी। पता चला कि 2008 में भी आकाश के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर हुई थी, जिसमें वह गिरफ्तार हुआ था। वन विभाग की ओर से तर्क में यह तथ्य भी प्रस्तुत किए गए। वन विभाग, उड़नदस्ता टीम और पुलिस ने बाथरूम के अंदर तेंदुए की खाल बरामद की। खाल की लंबाई करीबन 5 फीट है। वन विभाग को जांच में पता चला कि खाल में एक छेद है जो गोली या छर्रा लगने से तेंदुए की मौत की पुष्टि करता है। खाल पांच.छह महीने पुरानी थी। आरोपी की तलाश की जा रही है लेकिन वह लगातार लोकेशन बदल रहा है।

जेपीएल तमनार में विद्युत सुरक्षा सप्ताह आरंभ

तमनार। जेपीएल तमनार में इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 26 जून से 2 जुलाई तक किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक विभाग द्वारा आयोजित किए गए विद्युत सुरक्षा सप्ताह में इस वर्ष का थीम विद्युतीय सुरक्षा अपनाकर जीवन सुरक्षित करें उद्देश्य के तहत विद्युत सुरक्षा संबंधी सामान्य सावधानियों के बारे में जेपीएल अधिकारी कर्मचारियों व ठेका कर्मचारियों को जागरूक करते शून्य दुर्घटना लक्ष्य पाने सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

विद्युत सुरक्षा सप्ताह की जानकारी विमल कुमार द्वारा दी गई। मुख्य अतिथि जेपीएल तमनार के कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड सीएन सिंह द्वारा सुरक्षा झण्डा रोहण किया गया। अर्जुन राम द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाया

गया। जेपीएल तमनार के कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड सीएन सिंह ने जेपीएल संयत्र को औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों पर ले जाने शून्य क्षति लक्ष्य पाने प्रोत्साहित करते कहाकि पूर्ण सुरक्षित रहकर कार्य करे कोई भी असुरक्षित उपकरण उपयोग न करे। विद्युतीय कार्य करने से पहले उपकरण वायर पुर्जे को जांच कर सावधानी पूर्वक कार्य पूर्ण करे विद्युतीय सुरक्षा अपनाकर जीवन सुरक्षित करें। विद्युत सुरक्षा सप्ताह जागरूकता के साथ हमेशा हर दिन हर कार्य सुरक्षित सुनिश्चित करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित ओवरहेड टंकियों की हो रही सफाई

रायगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित टंकियों की साफ-सफाई और क्लोरिनेशन का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। साफ-सफाई के बाद टंकी पर आगामी सफाई की तिथि भी अंकित की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों समीक्षा बैठक के दौरान बारिश पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्मित टंकियों के साफ .सफाई के निर्देश कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने दिए थे। जिसके पश्चात जिले के सभी विकासखंड में बनी टंकियों की सफाई का काम किया जा रहा है। सफाई पूर्व वाल्व से

टंकी का पानी खाली किया जाता है। जिसके बाद श्रमिकों द्वारा टंकी की सफाई की जाती है। सफाई के पश्चात अंत में ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीसेफ का छिड़काव कर टंकियों में क्लोरिनेशन का काम भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को सूचना देकर उनसे टंकी की साफ-सफाई का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा रहा है। इस दौरान अगली सफाई की तारीख भी वहां अंकित की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित टंकियों के सफाई का काम जून माह में प्रारंभ हुआ है। अब तक 89 टंकियों की सफाई की जा चुकी है। शेष 62 टंकियों की सफाई का काम प्रक्रियाधीन है जो जल्द पूरी कर ली जाएगी। गौरतलब है कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने गांवों में पेयजल आपूर्ति में शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। इसी क्रम में टंकियों और पेयजल स्त्रोतों के साफ-सफाई का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल समय.सीमा की बैठक में नियमित रूप से टंकियों की सफाई के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।